तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी

विशेषज्ञों ने वन हेल्थ के बारे में किया जागरूक

देहरादून: वन हेल्थ सपोर्ट यूनिट की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषकों ने मानव चिकित्सकों, पशु चिकित्सकों व वन्यजीव पेशेवरों को वन हेल्थ के बारे में जागरूक किया गया।

पशुपालन और डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन हेल्थ प्रोजेक्ट के तहत पशुपालन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन पशुपालन विभाग के निदेशक बीसी कर्नाटक ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन हेल्थ हितधारतों को शिक्षित करते हुए उन्हें क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करना है। सेमिनार में डिपार्टमेंट आफ कम्युनिकेबल डिजीजेज के पूर्व निदेशक डा. राजेश भाटिया ने वन हेल्थ एक स्वास्थ्य पर चर्चा की। पशु रोग अनुसंधान और निदान केंद्र के संयुक्त निदेशक डा. केपी सिंह ने जेनेटिक रोगों के निदान पर चर्चा की। सेमिनार में 15 पशु चिकित्सा अधिकारी, वन विभाग से तीन वन्यजीव पेशेवर व 12 मानव चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। (जासं)